
मनमानी | बिना डिग्री व अनुभव के नगर सहित ग्रामीण अंचलों में चला रहे क्लीनिक

# जिले में झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम कर रहे इलाज




**शहडोल, नवभारत।** जिला मुख्यालय से लेकर जिलेके कस्बों यहां तक कि गांव-गांव, टोला-टोला में झोलाछप डॉक्टर खुलेआम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इनकी खासियत ये होती है कि ये हर बीमारी का उपचार करने का दावा करते है। जबकि इनमें से कई के पास न तो डिग्री है न ही अनुभव, फिर भी डॉक्टर साहब बने नगर में बेखौफक्लिनिकों का संचालन कर रहे हैं।

इनके क्लिनिक पर न तो इनकी डिग्री का उल्लेख होता है न ही इनका नाम अकित होता है, कोई दांत का दवाखाना, कोई आंख का दवाखाना तो कोई अन्य बीमारियों के विशेषज्ञ बने मौत का कारोबार संचालित कर रहे हैं।

### देते हैं ड्रिप लगाने की भी सुविधा

अधिकतर क्लिनिको मेंबीमारों को ड्रिपलगाने की सुविधा भी मुहैया रहती है। चाहे क्लिनिक गुमटी में चल रहा हो, किन्तु वहां मरीजों को ड्रिपलगाने के लिए एक पलंग जरूर रहता है। मरींजों के आने पर एक इंजेक्शन, बोतल लगाने व कुछ दवा देने के एवज में मरीजों से पांच से सात सौ रुपए तो किसी से हजार रुपए तक वसूल रहे हैं।

### मरीजों का देते हैं मनमानी दवाएं


झोलाछाप डॉक्टर मरीजों को हाई डोज देते हैं, जिससे कुछ समय तक तो मरीजों को राहत मिल जाती है किन्तु बाद में इन मरीजों पर अन्य दवाओं का कोई असर नहीं होता, जिसके चलते मरीज परेशन होते रहते हैं। झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने प्रदेश स्तर पर कई वार समितियां गठित हो चुकी हैं। जिला स्तर पर सीएमएचओ, ब्लॉक स्तर पर बीएमओ को इन डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने का दायित्व सौंपा गया था, लेकिन अभी भी खुले आम अवैध क्लिनिक संचालित हो रहे हैं। गांव-गांव, टोला-टोला संचालित इन अवैध क्लिनिकों के कई संचालक स्थानीय हैं तो कुछ बाहर से यहां आकर अपनी दुकानदारी चला रहे हैं। यदि इनके हाथों गलत उपचार के चलते किसी मरीज की मृत्यु हो जाए तो मरीज के परिजनों को ले-देकर मामला सुलझा लेते हैं, यदि मरीज के परिजन न माने तो अपनी दुकानदारी यहां से समेटकर रातों-रात नदारद भी हो जाते हैं। आए दिन झोलाछाप डॉक्टरों के उपचार से 'मरीज अपनी जान गवां रहे हैं, बावजूद इसके इन पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो रही।

### सिर्फ नोटिस तक सिमट कर रह जाती है कार्यवाही

ऐसा नहीं है कि यहाँ अवैध रुप से संचालित क्लीनिक, अवैध पैथालॉजी, डेंटल हॉस्पिटल की जानकारी सीएमएचओर अथवा बीएमओ को नहीं होती है पर वो भी चुप्पी साधे हुए हैं, बताया जा रहा है कि नीचे से लेकर ऊपर तक सबका कमीशन सेट है।उच्चाधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किया जाता है पर सांठ गांठ के चलते कार्यवाही नहीं हो पाती और मामला नोटिस तक ही सिमट कर रह जाता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इसे कितनी गंभीरता से लेते है और क्या कार्यवाही करते है।

# अंबेडकर तिराहे के पास सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

▸ आपस में टकराई थीं साथ चल रही बाइकें



**शहडोल ।** जिले के पपौंध थाना क्षेत्र के अंबेडकर तिराहे के पास शुक्रवार रात सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया था, जहां बाइक सवार युवक ने दम तोड़ दिया है।

पुलिस ने बताया कि रंजीत बसोंर पिता मुन्ना (20) वर्ष की इस घटना में मौत हुई है। पुलिस के अनुसार रंजीत बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी बगल में चल रही एक मोटरसाइकिल ने उसे ठोकर मार दी। जिससे रंजीत की बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार रंजीत गंभीर रूप से घायल हुआ। स्थानीय लोगों ने घटना को देखकर पुलिस को मामले की खबर दी।

जानकारी के बाद पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल बाइक सवार रंजीत को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर चले इलाज के बाद युवक की मौत हो गई है। घटना के बाद युवक की पहचान की गई। पुलिस ने उसके परिजनों को भी मामले की खबर दी। परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे, जहां अस्पताल में परिजनों के साथ गांव के लोग इकट्ठा हो गए थे। युवक की मौत के बाद गांव में मातम पसरा है। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार दोनों बाइक आजू-बाजू चल रही थीं और दोनों की रफ्तार तेज थी।



# ट्रेक्टर में उड़ीसा से छतरपुर जा रहा था गांजा

▸ नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और पुलिस ने पकड़ा 1 .30 क्विंटल गांजा

**शहडोल।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं थाना सोहागपुर पुलिस की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई। ग्राम धुरवार टोल प्लाजा पर मुखबिर की सूचना पर दबिश देने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मूलचंद पाल पिता लखनलाल उम्र 27 वर्ष, निवासी चेतारा, जिला बांदा (उत्तर प्रदेश), कल्लू खंगार पिता गोरैलाल उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम भमौरी पुरवा, जिला छतरपुर (मध्य प्रदेश) दोनों आरोपी ट्रैक्टर से ओडिशा राज्य के सोनपुर जिले से गांजा लेकर छतरपुर जिले में डिलीवरी करने जा रहे थे। मौके पर की गई कार्यवाही में आरोपियों के कब्जे से 1 क्विंटल 30 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसे ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित विधिवत जप्त किया गया है। एन.सी.बी. द्वारा आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की अग्रिम कार्यवाही जारी है।



# तस्करों से 5 मवेशी जब्त

**शहडोल।** थाना जैतपुर अंतर्गत चौकी झींकबिजुरी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नवाटोला के जंगल में आरोपी आरिफ खान, निवासी झींकबिजुरी द्वारा 04 नग पड़वा एवं 01 नग भैंस लाकर अवैध रूप से बांधे गये हैं, जिन्हें मौका मिलते ही उक्त स्थान से बाहर ले जाने वाले हैं।सूचना पर तत्काल पुलिस दल द्वारा मौके पर रवाना होकर मुखबिर सूचना के अनुसार ग्राम नवाटोला जंगल स्थित बंधवा नाला पर रेड कार्यवाही की गई। जहाँ 04 नग पड़वा एवं 01 नग भैंस भूखे-प्यासे अवस्था में रस्सियों से बंधे पाए गए।

पुलिस द्वारा सभी 05 नग मवेशियों अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख को जब्त कर सुरक्षित पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।घटना स्थल पर मिले साक्ष्य एवं गवाहों के कथनों के आधार पर यह प्रमाणित हुआ कि आरोपी आरिफ खान निवासी झींकबिजुरी ने उक्त मवेशियों को अवैध तरीके से रखा था जोकि मौके पर तलाशी लेने पर नहीं मिला। जैतपुर पुलिस द्वारा आरोपी आरिफखान के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

आरोपी की पता-तलाश जैतपुर पुलिस द्वारा जारी है, बरामद मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण पशु चिकित्सालय झींकबिजुरी से कराया गया तथा सुरक्षित देखरेख हेतु सुपुर्दगी दी गई।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जैतपुर निरी. जियाउल हक के नेतृत्व में रामपाल वर्मा, इन्द्रबहादुर, लालमन सिंह एवं मोहम्मद एजाज की सराहनीय भूमिका रही।

## उत्कृष्ट छात्रावास अधीक्षक निलंबित

**शहडोल।** संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव ने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के साथ अच्छा बरताव नहीं करने पर अधीक्षक (मूल पद माध्यमिक शिक्षक) जनजातीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास उमरिया, जिला उमरिया लक्ष्मी कोरी को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल पाए जाने पर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 9 में प्रदत्त शक्तियों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय पाली, जिला उमरिया नियत किया है।

## प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के नए डीपीआर होंगे तैयार

**शहडोल।** आयुक्त सुरभि गुप्ता ने संभाग के नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य संचालित किए जा रहे हैं, की गहन मानीटरिंग कराकर शीघ्रता के साथ पूरा कराएं। आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के डीपीआर तैयार कर शीघ्रता के साथ अपलोड कराए जाएं। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली तथा कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र जैन द्वारा प्रगति से अवगत कराया गया।





# पं . शम्भूनाथ शुक्ला विवि में हिंदी पखवाड़ा का किया गया आयोजन

▸ प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**शहडोल।** पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह विश्वविद्यालय के सभागार में आज सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलगुरु प्रो. रामशंकर जी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. आशीष तिवारी (कुलसचिव) प्रो. महेन्द्र भटनागर (नोडल अधिकारी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ) प्रो. गीता सराफ (परिसर प्रभारी), राममिलन सिंह (वित्त नियंत्रक), डॉ गंगाधर ढ़ोके राजभाषा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष हिंदी उपस्थित रहे।

कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिन्दी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अस्मिता की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे हिन्दी को तकनीक और अनुसंधान की भाषा बनाकर विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करें।आप ये न सोचे की शहडोल के विश्वविद्यालय में पढ़ रहे है यह विश्वविद्यालय और आपकी प्रतिभा कही से कम नहीं है इसे पहचानना है और प्रगति पथ पर आगे बढ़ते रहना है।

कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने कहा कि हिन्दी दिवस और पखवाड़े का आयोजन हमें यह स्मरण कराता है कि मातृभाषा में सोच और अभिव्यक्ति सबसे स्वाभाविक और सशक्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिकाधिक लेखन और पठन की प्रेरणा दी प्रो. गीता सराफ(परिसर प्रभारी) ने कहा कि हिन्दी भाषा की शक्ति उसके अपनत्व में है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिन्दी लेखन और वक्तृत्व में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया।

हिंदी पखवाडा में आयोजित सभी गतिविधियों की जानकारी डॉ गंगाधर ढ़ोके राजभाषा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष हिंदी ने दी उन्होंने कहा हिन्दी पखवाड़ा मात्र एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारी मातृभाषा, हमारी संस्कृति और हमारी अस्मिता का उत्सव है। इस पखवाड़े के अंतर्गत निबंध, वाददृविवाद, कविता पाठ, लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करना भी है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी हिन्दी को न केवल शैक्षणिक भाषा के रूप में, बल्कि जीवन और विचार की भाषा के रूप में भी आत्मसात कर रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी की वगिया नाटक प्रस्तुत किया गया जिसका निर्देशन मंजुला और आयुष द्विवेदी ने किया जिसमे छात्रों ने विभिन्न हिंदी के बोलियों का प्रदर्शन कर सभी को मंत्र मुग्ध्य कर दिया कार्यक्रम का समापन राग मॉलकोष के अद्भुत प्रदर्शन के साथ हुआ जिसमे संगीत विभाग के शिवांश दुबे ने गायन,सांगत में डॉ संजीव तबले पे कृष्णा साहू ने सांगत की ।हिंदी पखवाडा में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने बाले छात्र छात्रों को सम्मानित किया गया जिसे डॉ लोकेश साहू ने घोषित किया ।पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को माननीय कुलगुरु द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

हस्ताक्षर प्रतियोगिता में कलिमन सिंह बघेल प्रथम,डॉ हरवंश मरावी द्वतीय एवं अम्बिकेश नामदेव तृतीय स्थान प्राप्त कियासमारोह का संचालन डॉ दिलीप कुमार तिवारी, हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ चेतना सिंह डॉ सुनीता वाथरे डॉ मनीषा तिवारी,डॉ हरवंस मरावी डॉ सौरभ शिवा डॉ ज्योति सिंह, डॉ धनि जमोद,डॉ सुषमा नेताम एवं अतिथि विद्वान और शोध के छात्रों के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

# स्वास्थ्य शिविर लगाकर की गई छात्रों की जांच

▸ बहोरीबंद कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया आयोजन



**नवभारत,बाकल।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में स्वास्थ्य विभाग बहोरीबंद के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ महिमा तिवारी ने रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ सुकन्या ने एड्स संबंधी जानकारी और विद्यार्थियों की काउंसलिंग की। डॉ पीके तिवारी ने कुष्ठ, चर्म रोग की पहचान और इलाज की जानकारी दी। वहीं डॉ अरविंद बैरागी ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक बदलावों पर चर्चा की और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। लैब टेक्नीशियन दीपमाला ने छात्र-छात्राओं का रक्त परीक्षण किया और उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने लाभ लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन प्रभारी डॉ. महिमा तिवारी के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर डॉ. पूनम यादव, डॉ प्रवीण तिवारी, डॉ आशीष सोनी, डॉ गरिमा श्रीवास्तव, डॉ प्रवीण गर्ग, डॉ रश्मि पांडे, डॉ ममिता पटले, डॉ खुशबू श्रीवास्तव, श्रीमती मंजू द्विवेदी, डॉ ज्योति ताम्रकार, डॉ. प्रीति तिवारी, डॉ आरती मिश्रा सहित अन्य ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं संचालन में स्वयंसेवक विक्रम, कुणाल, मनमोहन, सचिन, चित्रांश, आकांक्षा, अनामिका, मोहिनी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## कलेक्टर के नाम फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर भेजी फ्रेंड रिक्वेस्ट

**नवभारत, कटनी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर डीसी कटनी के नाम से एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल सक्रिय है। कटनी कलेक्टर के फर्जी अकाउंट के माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में जिला जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने माधवनगर पुलिस थाना प्रभारी को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने पत्र लिखा है। साथ ही जिला जनसंपर्क अधिकारी ने साइबर टीआई से भी साइबर सेल के माध्यम से नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने को कहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने फर्जी फेसबुक अकाउंट से जनता को सतर्क और

# रिवर फ्रंट निर्माण में गुणवत्ता से खिलवाड़, रेत की बजाय डस्ट का उपयोग

▸ नगर निगम के उपयंत्री नहीं कर रहे निर्माण कार्य की निगरानी



**नवभारत, कटनी।** शहर के बहुप्रतीक्षित कटाए घाट रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट में ठेकेदार और निगम की मिलीभगत से खुलेआम मनमानी हो रही है। करीब 6 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए निर्माण कार्यों में रेत की जगह डस्ट मिलाई जा रही है। रिटेनिंग वॉल और सीढ़ियों जैसे अहम निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के इस्तेमाल से साफ है कि जब नदी में पानी का बहाव बढ़ेगा, तो यह पूरा स्ट्रक्चर धराशायी हो जाएगा। यानी करोड़ों रुपये का प्रोजेक्ट जनता की गाढ़ी कमाई का मजाक बनकर रह जाएगा।

निगम के इंजीनियरों की मॉनिटरिंग पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। या तो वे जानबूझकर आँखें मूँदकर बैठे हैं, या फिर ठेकेदार कंपनी की मनमानी में हिस्सेदार हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस तरह से घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उससे पूरे प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार और अधिकारियों की लापरवाही की नजर आ रही है।

# सेवा पखवाड़े में ग्रामीणों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

▸ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का किया गया शुभारंभ




**नवभारत कटनी।** जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, समाज सेवियों द्वारा तालाब,नदियों,जल स्त्रोतों के आसपास, धार्मिक स्थलों, हॉट बाजार, सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता के लिए सामूहिकश्रमदान किया गया। गांव-गांव स्वच्छता रैलियां निकाली जाकर स्वच्छता संदेश और स्वच्छता नारों के द्वारा नागरिकों को जागरूक किए जाने के प्रयास हुए। ग्रामीणों ने स्वच्छता की महत्ता को लेकर संवाद किया और परिचर्चा में शामिल हुए। ग्रामीण जनों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ ली। इस दौरान जनप्रतिनिधियों,ग्रामीणों, सरपंच, सचिवों, ग्राम रोजगार सहायक और अन्य जन भी मौजूद रहे। ढीमरखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत दशरमन के मढ़ादेवी मंदिर में एसडीएम और सीईओ ने दिलाई स्वछता की शपथ। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत दशरमन के महादेवी मंदिर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। आयोजित गतिविधि में एसडीएम निधि गोहल और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई और श्रमदान के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित किया गया।

अधिकारियों ने सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान 2 अक्टूबर तक, तिथि वार होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी ग्रामीण जनों को दी । इस दौरान तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया, सिलौंड़ी मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, जनपद सदस्य गणेश दत्त गौतम, सहायक यंत्री अजय केशवानी, एसबीएम की बीसी संतोष पाठक, सचिव विजय दुबे,उपयंत्री, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण, शिक्षा सहित विभागों के अधिकारी, सरपंच, सचिव और ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# लड्डुओं से तौलकर किया गया मुख्यमंत्री स्वागत

▸ जिला पंचायत सदस्य ने समर्थकों के साथ किया सीएम का स्वागत



**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़वारा आगमन पर स्वागत किया गया। जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का लड्डुओं से तौलकर तुला दान किया। इसके बाद लड्डुओं को जनमानस में बांटकर श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ढीमरखेड़ा जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, रमन शुक्ला, जगदीश राम, सरपंच अनिल बागरी, सरपंच गणेश साहू, सरपंच राहुल दुबे, संजय सिलौड़ी, संतोष बर्मन, रात्रलोचन राय, चलराम नगरी, नीरज बर्मन, रानशरण राजभर, मीडिया प्रतिनिधि धीरज जैन, शुभम चौधरी, ओन चौकसे, अरविंद तिवारी सहित ढीमरखेड़ा क्षेत्र से हजारों लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बल्ब लगाते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवभारत कटनी।** कोतवाली थाने की बस स्टैंड पुलिस चौकी अंतर्गत रविदास चौक नदी पार क्षेत्र में शुक्रवार को करंट लगने से 18 वर्षीय युवक मयंक सोनी की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मयंक बल्ब लगाने का काम कर रहा था, इसी दौरान अचानक बिजली के संपर्क में आ गया। करंट लगते ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।